

# ओंकारेश्वर में सुरक्षा का सिस्टम फेल, सेप्टिक टैंक में गिरा 3 वर्ष का मासूम

## सिंहस्थ की तैयारियों के नाम पर नगर परिषद ने खोदी मौत की खाई , दर्शन करने आए परिवार में छाया मातम

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में व्यवस्थाओं और विकास के नाम पर सिस्टम कितना खोखला और जानलेवा हो चुका है, इसका दर्दनाक उदाहरण शुक्रवार को देखने मिला। महाराष्ट्र के नागपुर से भगवान के दर्शन की आस लेकर आए एक परिवार को मध्य प्रदेश के भ्रष्ट और लापरवाह सिस्टम ने जिंदगी भर का जख्म दे दिया। ब्रह्मपुरी पार्किंग में नगर परिषद की घोर लापरवाही के कारण एक 3 साल का मासूम तनुष खुले सेप्टिक टैंक में गिर गया और तड़प-तड़प कर उसकी मौत हो गई।

जानकारी अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे नागपुर निवासी कैलाश उसराठे अपने परिवार के साथ बस से ओंकारेश्वर पहुंचे थे। बस ब्रह्मपुरी पार्किंग में रुकी। सुबह का अंधेरा था और 3 साल का तनुष बस से उतरते ही थोड़ा आगे दौड़ा। उसे क्या पता था कि जिस धरती पर वह दर्शन करने आया है, वहां प्रशासन ने मौत का जाल बिछा रखा है।



अंधेरे में मासूम सीधे उस खुले सेप्टिक टैंक में जा गिरा जिसे नगर परिषद ने अपनी तथाकथित कार्रवाई के बाद खुला छोड़ दिया था। दरअसल, यह सेप्टिक टैंक लौवंशी धर्मशाला परिसर का था। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत नगर परिषद ने यहां अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। निर्माण तो तोड़ दिया गया, लेकिन इस खतरनाक सेप्टिक टैंक को लापरवाही से खुला छोड़ दिया गया। पार्किंग जैसी जगह पर जहां देशभर से श्रद्धालु आते हैं, वहां सुबह के वक्त घोर अंधेरा पसरा था। अतिक्रमण तोड़ने के बाद न तो वहां कोई बैरिकेडिंग की गई थी और न ही किसी तरह का चेतावनी बोर्ड लगाया गया था। अगर वहां पर्याप्त रोशनी या सुरक्षा के इंतजाम होते, तो शायद उस मासूम की जान बच जाती। पिता कैलाश उसराठे ने टैंक में छलांग लगाई, लेकिन मासूम को सुरक्षित बाहर निकालने में बहुत देर हो चुकी थी।

**गंदे पानी से भरे मासूम के फेफड़े-** सनावद अस्पताल के डॉ. सुभाष मोरी का बयान इस सिस्टम के गंदे चेहरे को और भी भयावह बना देता है। टैंक के गंदे पानी में गिरने से मासूम के पूरे शरीर में जानलेवा संक्रमण फैल गया था। फेफड़ों में अत्यधिक गंदा पानी भर जाने के कारण उसका ऑक्सीजन लेवल गिरकर मात्र 40 प्रतिशत रह गया था। डॉक्टरों की लाख कोशिशों के बाद भी सिस्टम की दी हुई इस बीमारी से मासूम तनुष लड़ नहीं पाया और उसने दम तोड़ दिया।

**आखिर इस मौत का जिम्मेदार कौनड-**शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद परिवार अपने कलेजे के टुकड़े का शव लेकर नम आंखों से महाराष्ट्र लौट गया, लेकिन अपने पीछे सुन्न कर देने वाले कई सवाल छोड़ गया है। प्रशासन को जवाब देना होगा कि क्या नगर परिषद के उन अधिकारियों पर गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज होगा, जिन्होंने इस सेप्टिक टैंक को खुला छोड़ा था। यह भी सोचना होगा कि क्या सिंहस्थ-2028 की तैयारियों का मतलब आम श्रद्धालुओं की जान से खेलना रह गया है और क्या मध्य प्रदेश प्रशासन नागपुर के इस परिवार को उनकी इस अपूरणीय क्षति का जवाब कभी दे पाएगा। स्थानीय लोग इस पूरी घटना से बेहद आक्रोशित हैं और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में किसी बड़े अधिकारी पर गाज गिराता है, या हमेशा की तरह इस मासूम की मौत को भी किसी सरकारी फाइल के नीचे दबा दिया जाएगा। सिस्टम की यह लापरवाही सिर्फ एक दुखद हादसा नहीं, बल्कि सीधे तौर पर एक शासनिक हत्या है।




**दोषियों पर दर्ज हो एफआईआर : कांग्रेस**

अतिक्रमण हटाने के दौरान धर्मशाला का सेप्टी टैंक खुला छोड़ देने से हुई मासूम की दर्दनाक मौत को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने ओंकारेश्वर में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त बताते हुए इस मौत का सीधा जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ठहराया है। कांग्रेस ने मांग की है कि मामले की तत्काल उच्च स्तरीय जांच हो, लापरवाह अधिकारियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए और पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता दी जाए। उन्होंने कहा कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई कर न्याय नहीं दिया गया, तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# गुरु पूर्णिमा मेले के लिए ट्रैफिक प्लान जारी

## तीन दिन भारी वाहनों की एंट्री बंद



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** गुरु पूर्णिमा पर्व पर श्री दादाजी धाम में उमड़ने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुचारु यातायात व्यवस्था को देखते हुए खंडवा पुलिस ने 27, 28 और 29 जुलाई के लिए विशेष ट्रैफिक, पार्किंग, डायवर्जन एवं अस्थायी बस स्टैंड की विस्तृत योजना जारी की है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में तैयार इस व्यवस्था का उद्देश्य शहर में जाम की स्थिति से बचाते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है।

योजना के अनुसार इंदौर, हरसूद, पंधाना, बुरहानपुर, छैगांवमाखन तथा अन्य मार्गों से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग डायवर्जन रूट और पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। रोशनाई नई अनाज मंडी, ट्रांसपोर्ट नगर तथा नए बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। दोपहिया वाहनों के लिए भी अलग पार्किंग स्थल तय किया गया है। श्रद्धालुओं की बसों के लिए शहर के विभिन्न प्रवेश मार्गों पर अस्थायी बस स्टैंड बनाए गए हैं। वहीं 27 से 29 जुलाई तक इंदौर, नागचून, पंधाना, हरसूद, मूंदी और छैगांवमाखन रोड से शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बस और ट्रेन से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुराने बस स्टैंड (माखनलाल चतुर्वेदी परिसर) को अस्थायी ऑटो स्टैंड बनाया गया है।

इंदिरा चौक से जलेबी चौक, जय अंबे चौक, शनि मंदिर, गौशाला और चौलकांटा तक का क्षेत्र नो-व्हीकल ज़ोन रहेगा। आपातकालीन स्थिति के लिए जिला अस्पताल तक विशेष मार्ग भी निर्धारित किया गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मेले के दौरान चारपहिया वाहनों का कम से कम उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें।

### एक नजर

## बालाजी ग्रुप करेगा भंडारा

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** गुरु पूर्णिमा पर्व पर दादाजी धाम पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सेवा के लिए बालाजी ग्रुप ने इस वर्ष भी विशेष सेवा संकल्प लिया है। छ:गांव माखन स्थित दिव्य बालाजी नगर में पदयात्रियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जहां भोजन, नाश्ता और पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही 81 फीट ऊंची भगवान बालाजी की प्रतिमा के समीप स्थित दिव्य दर्शन मॉल एवं आरजी-11 मॉल में पदयात्रियों के रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी की गई है। वहीं खंडवा के इंदौर रोड स्थित बालाजी धाम कॉलोनी में भी श्रद्धालुओं के लिए भंडारा और विश्राम की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।बालाजी ग्रुप ने बताया कि गुरु पूर्णिमा से एक दिन पूर्व ही सभी सेवा व्यवस्थाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी, ताकि दादाजी महाराज के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बालाजी ग्रुप वर्षों से गुरु पूर्णिमा पर सेवा कार्यों के माध्यम से श्रद्धालुओं की सेवा करता आ रहा है।

## गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञों ने की जांच

**खंडवा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत् मातृ मृत्यु दर में कमी लाने व गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सको द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. डी. बाकोरिया ने बताया कि जिलें की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में कुल 573 से अधिक हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की चिकित्सको द्वारा आवश्यक जाँच कर परामर्श दिया गया। जांच के दौरान जटिलताओं को देखते हुए हाईरिस्क गर्भवति महिलाओं की सोनोग्राफी की व्यवस्था भी की गई। उन्होंने बताया कि ऐसी गर्भवती महिलाएं जो कि एनिमिया, उच्च रक्तचाप, शुगर, पूर्व सिजेरियन प्रसव, जुड़वा बच्चें, गर्भ में उल्टा बच्चा, पूर्व में गर्भपात, पूर्व में जन्में शिशु में जन्मजात विकृति, कम वजन व 35 वर्ष से अधिक उम्र में गर्भधारण होना तथा टीबी, गुरदे, हृदय रोग, मलेरिया, एचआईवी, हैपेटाइटिस बी जेसे रोगो से ग्रसित है, वे सभी हाईरिस्क की श्रेणी में आती है। डॉ. बाकोरिया ने बताया कि इस दौरान गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों को कुपोषण से बचाव के लिए घर पर ही उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पोषणयुक्त भोजन बनाकर उसका सेवन करने की सलाह दी गई, ताकि गर्भावस्था के दौरान महिला के साथ साथ उसके गर्भस्थ शिशु को भी उचित मात्रा में पोषण आहार मिल सकें। सभी गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में ही प्रसव कराने की समझाइश भी दी गई।

## नशा मुक्त युवा... कार्यक्रम 27 को

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा ।** नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम 27 जुलाई को स्थानीय किशोर कुमार सभागृह में आयोजित किया गया है। मेरा युवा भारत कार्यालय की जिला युवा अधिकारी पल्लवी दुबे ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर संगीत प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता, शॉर्ट फिल्म और रील प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, नशा मुक्ति शपथ, सिग्नेचर वॉल, जागरुकता प्रदर्शनी, युवा संवाद और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।


# ओंकारेश्वर में आज से बदली दर्शन व्यवस्था

## अब 10 फीट की दूरी से होंगे भगवान के दर्शन

**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर।** तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में भगवान शिव के दर्शन के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक अहम और सुखद खबर है। विश्व प्रसिद्ध ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में आज से दर्शन की व्यवस्था में बड़ा बदलाव लागू कर दिया गया है।

नई व्यवस्था के तहत अब भक्त 10 फीट की दूरी से भगवान ओंकारेश्वर के अत्यंत स्पष्ट और



शांतिपूर्ण दर्शन कर सकेंगे।मंदिर प्रशासन ने यह महत्वपूर्ण निर्णय श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ और दर्शन के दौरान होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है। पहले अत्यधिक भीड़ के कारण भक्तों को धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ता था, जिससे वे सुकून से अपने आराध्य को निहार नहीं पाते थे। अब नई व्यवस्था से न केवल गर्भगृह के पास भीड़ का दबाव कम होगा, बल्कि 10 फीट की दूरी से ज्योतिर्लिंग का दृश्य अधिक व्यापक और स्पष्ट दिखाई देगा। धक्का-मुक्की खत्म होने से विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित दर्शन करने में काफी आसानी होगी। इसके साथ ही कतारें सुचारू रूप से चलने के कारण दर्शन में लगने वाला समय भी कम होगा और हर श्रद्धालु को बिना किसी जल्दबाजी के दर्शन का पर्याप्त अवसर मिलेगा।मंदिर समिति और स्थानीय प्रशासन ने सभी शिवभक्तों से अपील की है कि वे नई व्यवस्था में पूर्ण सहयोग करें। श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे अनुशासन में रहें और कतारबद्ध होकर शांतिपूर्ण ढंग से भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस नई पहल से श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है।

## गुरु पूर्णिमा बांटी जाएगी शिक्षण सामग्री



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** गुरु पूर्णिमा अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईएच चिकित्सा मित्र और एन.वी. फार्मा के तत्वावधान में सेवा कार्य किया जाएगा। इसके तहत पड़ावा क्षेत्र में बच्चों को शिक्षण सामग्री और नागरिकों को घरेलू उपयोग का सामान नि:शुल्क वितरित किया जाएगा।

आयोजकों ने बताया कि इस वितरण कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कॉपी, किताबें, पेन, पेंसिल, स्लेट और पानी की बोतलें बांटी जाएंगी। इस पुनीत कार्य में मुख्य रूप से नितिन लाड़, विपिन लाड़, धर्मेंद्र पाठक, डॉ. नरेंद्र पाटिल, डॉ. प्रवीण जांगड़े, डॉ. राकेश चौहान, डॉ. राजेश पाटीदार, डॉ. अनिल चौहान, डॉ. सचिन सोलंकी, डॉ. नरेंद्र सोलंकी, डॉ. सचिन लाड़, डॉ. परमानंद पटेल और डॉ. शांतिलाल अपनी विशेष भूमिका निभाएंगे।

# गुरु पूर्णिमा से पहले सुधरेंगी शहर की सड़कें

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** श्री दादाजी गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शहर की यातायात व्यवस्था और सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा। इसे लेकर महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने अपने निवास कार्यालय पर लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के तकनीकी अधिकारियों की विशेष बैठक ली।

महापौर ने महोत्सव से पूर्व शहर के सभी प्रमुख मार्गों का रिपेयरिंग और मरम्मत कार्य हर हाल में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं।महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं के आवागमन वाले मार्गों पर कहीं भी गड्ढे या जर्जर सड़क नहीं दिखनी



चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि कार्य केवल कागजों पर नहीं, बल्कि मैदानी स्तर पर दिखना चाहिए। व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से समय-सीमा के भीतर काम पूरा करने और उसकी प्रभावी मॉनिटरिंग करने को कहा गया है।

**इन प्रमुख मार्गों की मरम्मत को दी गई प्राथमिकता-**बैठक में पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाले शहर के कई प्रमुख मार्गों के सुधार को प्राथमिकता दी गई। इनमें मुख्य रूप से शेर चौराहे से पंधाना रोड, बस स्टैंड से मानसिंह मिल चौराहा, तीन पुलिया से आनंद नगर पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंदिरा चौक से जसवाड़ी रोड, अवस्थी चौराहे से भंडारिया, तीन पुलिया से इमलीपुरा होते हुए शिवाजी चौक, गिदवानी मार्केट से आशाधाम, मोघट थाना रोड से हवाई पट्टी और धर्म कांटा से इंदौर नाका रोड शामिल हैं। इसके अलावा जिला चिकित्सालय से इंदौर नाका रोड, महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर कलवर्ट और तीन पुलिया के पास भी सड़क सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरानपीडब्ल्यूडी विभाग के शिवशंकर अरझरे, नगर निगम के कार्यपालन यंत्री राधेश्याम उपाध्याय, भरत सुरजाए, मनीष झीले, सर्वेश मिश्रा, आदर्श शर्मा और राकेश कलम सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नदी किनारे पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवभारत न्यूज़**

**राई।** नवांकुर संस्था उदय एकता सामाजिक विकास कल्याण समिति राई खुटवाल के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम अमलपुरा में नदी किनारे पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

खंडवा विकासखंड में जिला समन्वयक जगदीश पटेल के प्रवास के दौरान सेक्टर अमलपुरा के अंतर्गत ग्राम भामगढ़, राई खुटवाल, धरमपुरी और अमलपुरा की प्रस्फुटन समितियों




की बैठक भी आयोजित हुई। बैठक में श्री पटेल ने नवांकुर संस्था की नर्सरी का निरीक्षण किया तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने उपस्थित सदस्यों से अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ अथवा अन्य विशेष अवसरों पर पौधारोपण करने और स्वच्छता अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। विकासखंड समन्वयक राजकुमार मालाकार, नवांकुर समिति अध्यक्ष रामकुमार वर्मा, प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी अशोक जायसवाल, श्याम धारे, विशाल तिरोले, विवेक पटेल, प्रतीक तिरोल, वीरेंद्र व विपत फुलमाली सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नाबालिग को कराया मुक्त

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत धनगांव थाना पुलिस ने एक अपहृत नाबालिग को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार 29 मई को फरियादिया ने धनगांव थाने में नाबालिग बेटी अज्ञात बदमाश बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। साइबर सेल और तकनीकी सहायता की मदद से पुलिस टीम ने लगातार तलाश की और अंततः नाबालिग को आरोपी के चंगुल से इंदौर से सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी प्रकाश पिता शंकर गुर्जर (25 वर्ष), निवासी चिचगोहन को गिरफ्तार किया है। वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को खंडवा न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत का वारंट जारी होने पर उसे जिला जेल खंडवा भेज दिया गया।

# सम्मति नगर महिला मंडल ने निकाली दादाजी की निशान यात्रा

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** सम्मति नगर महिला मंडल द्वारा कंठेश्वर महादेव मंदिर से श्री दादाजी महाराज की पावन निशान यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने पूरी आस्था और उत्साह के साथ इस यात्रा में हिस्सा लिया।आयोजन को लेकर हेमलता पालीवाल ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर भक्तों द्वारा श्रद्धापूर्वक दादाजी को निशान चढ़ाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

उन्होंने कहा कि श्री दादाजी महाराज के कारण ही आज खंडवा को पांचवें धाम के रूप में जाना जाता है।इस निशान यात्रा में मुख्य रूप से हेमलता पालीवाल, शक्ति पाटीदार, मेघा पाटीदार, नम्रता



खंडेलवाल, सुनीता महेश्वरी, भारती गुप्ता, मालती सेठी, कोकिला पाटीदार, निधि कोटवानी, संगीता अग्रवाल, निशा यादव, गौरी यादव, ज्योति बजाज, शीला यादव, रेखा रावल, जयश्री सोनी, प्रीति यादव, सुप्रिया सोनी और प्रेमलता जोशी सहित महिला मंडल की अन्य सदस्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

# समरसता संकल्प अभियान को लेकर भाजपा की बैठक

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई से चलने वाले श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

जिला प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश संगठन द्वारा निर्धारित पखवाड़ा कार्यक्रमों की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से जिले के पदाधिकारियों को दी गई और अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में जम्मू-कश्मीर से संत रविदास महाराज के जन्मस्थल वाराणसी तक निकलने वाली समरसता यात्रा के स्वागत, रूट और आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं पर भी मंथन हुआ।

अभियान के सफल संचालन के लिए जिला, संयोजक एवं मंडल स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक में विधायक नारायण पटेल, सुभाष कोठारी, हरीश कोटवाले, सेवादास पटेल,




मुकेश तनवे, धर्मेंद्र बजाज, सूरजपाल सिंह सोलंकी, दशरथ कलमे, कपिल अंजनें, मंगलेश तोमर, हर्षा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।